# GYAN KENDRA NOKHA

वर्ग - 6 ज्ञान केन्द्र नोखा

Geography

## अध्याय 1 सौरमंडल में पृथ्वी

01

**प्रश्न :-> ग्रह और तारे में क्या अंतर है ?**

उत्तर :- वह खगोलीय पिंड जिसमें अपना प्रकाश एवं ऊष्मा नहीं होती है। वे तारों के प्रकाश से प्रकाशित होते हैं। ऐसे पिंड ग्रह कहलाते हैं।

वह खगोलिय पिंड जिसमें अपना प्रकाश तथा ऊष्मा होता है तारा कहलाते हैं।

**प्रश्न :-> सौरमंडल से आप क्या समझते हैं ?**

उत्तर :-> सूर्य, आठ ग्रह, उपग्रह तथा कुछ अन्य खगोलीय पिंड जैसे - क्षुद्र ग्रह एवं उल्का पिंड मिलकर सौरमंडल का निर्माण करते हैं तो उसे हम सौरमंडल कहते हैं जिसका मुखिया सूर्य है।

**प्रश्न :- सूर्य से उनकी दूरी के अनुसार सभी ग्रहों के नाम लिखें ?**

उत्तर :> बुध, शुक्र, पृथ्वी, मंगल, बृहस्पति, शनि, अरुण तथा वरुण।

Scanned with CamScanner

**प्रश्न :-** पृथ्वी अद्भुत ग्रह क्यों कहा जाता है?

**उत्तर :-** सौरमंडल के सभी ग्रहों में पृथ्वी ही एकमात्र ऐसा ग्रह है जिस जीवन पाया जाता है इसलिए पृथ्वी को अद्भुत ग्रह कहा जाता है।

**प्रश्न :-** हम हमेशा चंद्रमा के एक ही भाग को क्यों देख पाते हैं?

**उत्तर :-** चंद्रमा पृथ्वी का एक चक्कर लगभग 27 दिन में पूरा करता है। लगभग इतने ही समय में यह अपने अक्ष पर एक चक्कर भी पूरा करता है। इसके परिणामस्वरूप पृथ्वी से हमें चंद्रमा का केवल एक ही भाग दिखाई पड़ता है।

**प्रश्न :-** ब्रह्मांड क्या है?

**उत्तर :-** ब्रह्माण्ड सम्पूर्ण समय, और अंतरिक्ष और उसकी अंतर्वस्तु को कहते हैं। इसमें सभी ग्रह, तारे, गैलेक्सियाँ खगोलीय पिण्ड आते हैं। ये सभी मिलकर ब्रह्माण्ड का निर्माण करते हैं।

प्रश्न :- किस ग्रह को जुड़वा ग्रह के नाम से जाना जाता है ?

उत्तर :- शुक्र ।

प्रश्न सूर्य से तीसरा सबसे नजदीक ग्रह कौन सा है ?

उत्तर :- पृथ्वी ।

प्रश्न :- सभी ग्रह सूर्य के चारों ओर किस प्रकार के पथ पर चक्कर लगाते है —

उत्तर — दीर्घवृत्ताकार ।

प्रश्न — ध्रुवतारे से किस दिशा का ज्ञान होता है ?

उत्तर — उत्तर ।

प्रश्न — क्षुद्र ग्रह किन कक्षाओं के बीच पाए जाते है —

उत्तर — मंगल और बृहस्पति ।

खाली स्थान भरें।

1. तारों का एक समूह जो विभिन्न प्रतिरूपों का निर्माण करता है, उसे नक्षत्रमंडल कहते हैं।
2. तारों की एक बहुत बड़ी प्रणाली को आकाश गंगा कहते हैं।
3. शुक्र पृथ्वी के सबसे करीब है।
4. पृथ्वी सूर्य से तीसरा सबसे नजदीक ग्रह है।
5. ग्रहों के पास अपनी प्रकाश तथा ऊष्मा नहीं होते हैं।

Scanned with CamScanner

# CIVICS

CLASS – VI सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन

अध्याय – 1

(1) प्रश्न :– अपने इलाके में मनाए जाने वाले विभिन्न त्योहारों की सूची बनाइए। इनमें से कौन से त्योहार सभी समुदायों द्वारा मनाए जाते हैं?

उत्तरः– हमारे इलाके में मनाए जाने वाले विभिन्न त्योहारों की सूची इस प्रकार है, जो त्योहार विभिन्न समुदायों द्वारा मनाए जाते हैं।

| त्योहार | समुदाय |
| --- | --- |
| होली | हिन्दू |
| दीपावली | " |
| रक्षाबंधन | " |
| रामनवमी | " |
| दशहरा | " |
| छठ पूजा | " |
| मकरसंक्रांति | " |
| कृष्णजन्माष्टमी | " |
| गोवर्धन पूजा | " |
| सरस्वती पूजा | " |
| रविदास जयंती | " |
| ईद | मुस्लिम |
| बकरीद | " |
| मुहर्रम | " |
| शबेबारात | " |
| चालिसवाँ | " |
| क्रिसमस, गुड-फ्राइडे, इस्टर | ईसाई |



Scanned with CamScanner

(2) प्रश्न :- आपके विचार में भारत की समृद्ध एवं विविध विरासत आपके जीवन को कैसे बेहतर बनाती है?

उत्तर :- मेरे विचार से भारत की समृद्ध एवं विविध विरासत हमारे जीवन को अनेक प्रकार से बेहतर बनाती है। भारत प्राचीन विरासतों की कमी नहीं है, ये विरासत हिन्दू, इस्लाम, बौद्ध तथा सिख ईसाई आदि धर्मों से सम्बद्ध है, लेकिन यहाँ दर्शनार्थि पर्यटकों का ताता लगा रहता है। सभी विरासतों को देखने सभी धर्मावलम्बी आते है। इससे यहाँ के लोगों को आर्थिक आय होती है। जैसे — ताजमहल, स्वर्णमंदिर, इंडिया गेट, संसद भवन, बौद्ध गया, राजगृह, शेरशाह का मकबरा, कुतुबमीनार, अजन्ता की गुफाएँ, लालकिला, चारमीनार, विष्णुपद मंदिर आदि विरासत भारत को समृद्ध बनाती/बनाते है।

(3) प्रश्न :- आपके अनुसार "अनेकता में एकता" का विचार भारत के लिए कैसे उपयुक्त है? भारत की खोज किताब से लिए गए उक्त वाक्यांश में नेहरू भारत की एकता के बारे में क्या कहना चाह रहे है?



Scanned with CamScanner

उत्तर :- मेरे विचार के अनुसार "अनेकता में एकता" का विचार भारत के लिए निम्न प्रकार से उपर्युक्त है।
भारत की विविधता या अनेकता को उसकी ताकत का स्रोत माना गया है। जब अंग्रेज का भारत पर राज था तो विभिन्न धर्म, भाषा और क्षेत्र की महिलाओं और पुरुषों ने अंग्रेजों के खिलाफ मिलकर लड़ाई लड़ी थी। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अलग-अलग परिवेशों के लोग शामिल थे। उन्होंने एकजुट होकर आंदोलन किया, इकट्ठे जेल गए और अंग्रेजों का अलग-अलग तरीके से विरोध किया। अंग्रेजों ने सोचा था कि वे भारत के लोगों में फुट डाल सकते है क्योंकि उनमें काफी विविधताएं है और इस तरह उनका राज चलता रहेगा। मगर लोगों ने दिखला दिया कि वे एक दूसरे से चाहे कितने ही भिन्न हो, अंग्रेजो के खिलाफ लड़ी जाने वाली लड़ाई में वे सब एक थे। जो "अनेकता में एकता" की पहचान है।
भारत की खोज किताब से लिए गए उस वाक्यांश में पंडित जवाहरलाल नेहरु भारत की एकता के बारे में लिखा है कि

भारतीय एकता कोई बाहर से थोपी हुई चीज नहीं है, बल्कि "यह बहुत ही गहरी है जिसके अंदर अलग-अलग तरह के विश्वास और प्रथाओं को स्वीकार करने की भावना है। इसमें विविधता को पहचाना और प्रोत्साहित किया जाता है।" यह नेहरू ही थे जिन्होंने भारत की विविधता का वर्णन करते हुए "अनेकता में एकता" का विचार हमें दिया।

(4) प्रश्न :- जलियाँवाला बाग हत्याकांड के ऊपर लिखे गए गाने की उस पंक्ति को चुनिए जो आपके अनुसार भारत की एकता को निश्चित रूप से झलकती है।

उत्तर :- जलियाँवाला बाग हत्याकांड के ऊपर लिखे गए गाने की पंक्ति "गोली खा के सोये जलियाँबाग में हम सूनी पड़ी कब्र पर दिया जला के जाना" दिन खून के हमारे है। जो मेरे विचार के अनुसार भारत की एकता को निश्चित रूप से झलकती है।

(5) प्रश्न :- लद्दाख एवं केरल की तरह भारत का कोई एक क्षेत्र चुनिए और अध्ययन कीजिए कि कैसे उस क्षेत्र की विविधता को ऐतिहासिक और भौगोलिक कारकों



Scanned with CamScanner

ने प्रभावित किया है? क्या ये ऐतिहासिक एवं भौगोलिक कारक आपस में जुड़े हुए हैं? कैसे?

उत्तर :– शिमला उत्तर भारत के राज्य हिमाचल प्रदेश की राजधानी तथा सबसे बड़ा नगर है। यह इसी नाम के एक जिले का मुख्यालय भी है, जो दक्षिण-पूर्व में उत्तराखंड राज्य, उत्तर में मण्डी और कुल्लू, पूर्व में किन्नौर, दक्षिण में सिरमौर और पश्चिम में सोलन जिला से घिरा हुआ है। 1864 में शिमला को भारत में ब्रिटिश राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी घोषित किया गया था। इसके साथ-साथ ब्रिटिश भारतीय सेना के कमांडर-इन चीफ का मुख्यालय और 1876 के बाद पंजाब प्रांत की भी ग्रीष्मकालीन राजधानी थी, स्वतंत्रता के बाद शिमला नगर पूर्वी पंजाब राज्य की राजधानी बन गया और बाद में हिमाचल प्रदेश के गठन पर इस राज्य की राजधानी घोषित कर दिया गया। एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल, शिमला को अक्सर "पहाड़ों की रानी" के नाम से भी जाना जाता है। यह राज्य का प्रमुख वाणिज्यिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक केंद्र है।



Scanned with CamScanner

शिमला में अनेक इमारतें स्थित हैं, जिनमें औपनिवेशिक युग के समय की ट्यूडरबेथन और नव गॉथिक वास्तुकला के साथ-साथ कई मंदिर और चर्च शामिल हैं। ये ब्रिटिश कालीन इमारतें तथा चर्च शहर का प्राकृतिक वातावरण बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करता है।

शिमला में दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा प्राकृतिक आइस स्केटिंग रिंग भी है यह शहर प्रमुख पर्यटन केन्द्र होने के अलावा यह शहर कई कॉलेजों और शोध संस्थानों/संस्थानों के साथ एक शैक्षिक केन्द्र भी है।

वर्तमान शिमला नगर जहाँ स्थित है, वह तथा उसके आस-पास का अधिकांश क्षेत्र 18वीं शताब्दी के अंत तक घने वनों से भरा हुआ था। पूरे क्षेत्र में बसावट के नाम पर केवल जाखू मंदिर तथा उसके इर्द-गिर्द स्थित कुछ बिखरे हुए घर ही थे।

I. श्यामला देवी, जिन्हें देवी काली का एक अवतार माना जाता है के नाम पर ही इस क्षेत्र का "शिमला" रखा गया था।

II. इस शहर पर 1806 ई० में नेपाल के भीमसेन थापा ने आक्रमण कर कब्जा कर लिया था।

तत्पश्चात ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने गोरखा युद्ध (1814-16) में नेपाल पर विजय प्राप्त करने के बाद सुगौली की संधि के अंतर्गत उस क्षेत्र पर नियंत्रण प्राप्त कर लिया। शिमला " धीरे-धीरे उसकी ठंडी जलवायु, सुरम्य प्राकृतिक दृश्य, हिमाच्छादित, पहाड़ियों, और चीड़ और देवदार के घने जंगल भारतीय गर्मियों के दौरान कई ब्रिटिश अधिकारियों को आकर्षित करने लगे। और



Scanned with CamScanner

(6) वस्तुनिष्ठ प्रश्न :-

1. भारत वर्ष में कितनी भाषाए बोली जाती है?
(क) 1652 (ख) 1752 (ग) 1000 (घ) 800
उत्तर :- 1652

2. भारतीय संविधान के आठवीं अनुसूची में मान्यता प्राप्त भाषाए कितनी है?
(क) 24 (ख) 20 (ग) 22 (घ) 14
उत्तर :- 22

3. "मशालों का राज्य" किस राज्य को कहते है?
(क) केरल (ख) लेह (ग) शिमला (घ) गोवा
उत्तर :- केरल

4. वास्कोडिगामा भारत में सबसे पहले कहाँ पहुँचा?
(क) एर्नाकुलम (ख) कालीकट (ग) त्रिवेन्द्रम (घ) रोहा
उत्तर :- कालीकट

5. "ओणम" किस राज्य का त्योहार है?
(क) उड़ीसा (ख) तेलंगाना (ग) केरल (घ) पंजाब
उत्तर :- केरल

6. "भारत की खोज" पुस्तक किसने लिखी?
(क) जवाहरलाल नेहरू (ख) महात्मा गाँधी
(ग) कपिलदेव (घ) मोतीलाल नेहरू
उत्तर - जवाहरलाल नेहरू

7. जलियाँवाला बाग कहाँ स्थित हैं?
(क) जालंधर (ख) अमृतसर (ग) भटिंडा (घ) रोहतक
उत्तर :- अमृतसर

8. हमारा राष्ट्रगान किस कवि द्वारा रचित है?
(क) रविन्द्रनाथ टैगोर (ख) बंकिम चन्द्र चटर्जी
(ग) महात्मा गाँधी (घ) नागार्जुन
उत्तर :- रविन्द्रनाथ टैगोर

(7) रिक्त स्थानों को भरें:—

i. भारत ............ का देश है।

ii. भारत एक ............ देश है।

iii. ........ भारत के दक्षिणी-पश्चिमी कोने में बसा हुआ राज्य है।

iv. मुख्यतः कश्मीर में ही ........ शालें बुनी जाती हैं।

v. जवाहर लाल नेहरू ने "अनेकता में ......" का विचार दिया।

उत्तर:— विविधताओं, बहुभाषी, केरल, पश्मीना, एकता।

(8) सही कथन के सामने (✓) तथा गलत कथन के सामने (x) का निशान लगाइए।

i. समीर का अर्थ है— हवा, पवन। (✓)

ii. सब्जेक्ट का अर्थ है— प्रजा। (✓)

iii भारत बहुभाषी देश है। (✓)

iv. भारत में विभिन्न धर्मों के लोग रहते हैं। (✓)

v. लद्दाख को बड़ा तिब्बत कहते हैं। (x)



Scanned with CamScanner

# अध्याय – 2

1. प्रश्न :- निम्न कथनों का मेल कराइए।

उत्तर :-

| कॉलम "अ" | कॉलम "ब" |
|---|---|
| (क) दो डॉक्टर खाना खाने बैठे थे और उनमें से एक ने मोबाइल पर फोन करके बताया की मैं | 1. दमा का पुराना मरीज हूँ |
| (ख) जिस बच्चे ने चित्रकला प्रतियोगिता जीती, वह मंच पर | 4. पुरस्कार लेने के लिए दो पहियों वाली कुर्सी पर गया। |
| (ग) संसार के सबसे तेज धावकों में से एक | 3. अपनी बेटी से बात की जो उसी समय स्कूल से लौटी थी। |
| (घ) वह बहुत अमीर नहीं थी, लेकिन उसका | (2) एक अंतरिक्ष यात्री बनने का सपना अंततः पूरा हुआ। |



Scanned with CamScanner

अध्याय — 2

(2) प्रश्न :— लड़कियाँ माँ-बाप के लिए बोझ है, यह रूढ़िवादी धारणा एक लड़की के जीवन को किस तरह प्रभावित करती है? उसके अलग-अलग पाँच प्रभावों का उल्लेख कीजिए।

उत्तर:— लड़किया माँ बाप के लिए बोझ है, यह रूढ़िवादी धारणा एक लड़की के जीवन कई तरह प्रभावित करती है। रूढ़िवादी धारणाएँ बड़ी संख्या में लोगों को एक ही प्रकार के खाँचे/ढाँचे में जड़ देती है। जैसे माना जाता है कि हवाई जहाज उड़ाने का काम लड़कियाँ नहीं कर सकती। पुलिस की नौकरी नहीं कर सकती। इन धारणाओं का असर हम सब पर पड़ता है। कई बार ये धारणाएँ हमें ऐसे काम करने से रोकती है जिनको करने की काबलियत शायद हममें/उनमें हो।

रूढ़िवादी धारणा के कारण लड़कियों पर पड़ने वाले पाँच प्रभाव :—

i. लड़कियाँ अन्दर ही अन्दर कुंठित होती रहती हैं।
ii. उनका मानसिक विकास अवरुद्ध हो जाता है।
iii. उनमें हीनताजन्य रोग उत्पन्न होने का खतरा रहता है।
iv. वे डरपोक और दब्बू सी बनी रहती हैं।
v. वे अपने छोटे भाईयों तक के अत्याचार को सहने की आदि हो जाती हैं।



Scanned with CamScanner

(3) प्रश्न :- भारत का संविधान समानता के बारे में क्या कहता है? आपको यह क्यों लगता है कि सभी लोगों में समानता होना जरूरी है?

उत्तर:- भारत का संविधान समानता के बारे में कहता है कि देश में सभी स्त्री-पुरुष को बराबरी हक है। जाति, रंग, लिंग के आधार पर किसी से कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा। संविधान स्त्री। पुरुष, लड़की। लड़का किसी में कोई भेद नहीं करता। स्कूल कॉलेज में जिस प्रकार लड़के पढ़ते हैं वैसे ही लड़कियां भी पढ़ेगी। लड़कियों को पढ़ने से रोका नहीं जाएगा।

हमें यह लगता है कि देश भर के लोगों में एकता लाने के लिए सबसे समानता का होना अति आवश्यक है। किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जाय।

(4) प्रश्न :- कई बार लोग हमारी उपस्थिति में ही पूर्वाग्रह से भरा आचरण करते हैं। ऐसे में अक्सर हम कोई विरोध करने की स्थिति में नहीं रहते क्योंकि मुँह पर तुरंत कुछ कहना मुश्किल जान पड़ता है। अपनी कक्षा को दो समूहों में बाँटिए



Scanned with CamScanner

और प्रत्येक समूह इस पर चर्चा करें कि दी गई परिस्थिति में वे क्या करेंगे?

(क) गरीब होने के कारण सहपाठी को आपका दोस्त चिढ़ा रहा है।

उत्तर :— अपने दोस्त को मैं समझाऊँगा कि विद्यालय में सभी को समान समझना चाहिए। गरीब के लिए सहपाठी दोषी है न कि समाज।

(ख) आप अपने ~~परिवार~~ परिवार के साथ टी०वी० देख रहे हैं और उनमें से कोई सदस्य किसी खास धार्मिक समुदाय पर पूर्वाग्रह ग्रस्त टिप्पणी करता है।

उत्तर :— ऐसी स्थिति में उस सदस्य को समझाऊँगा कि हमारा देश बहुभाषी और बहुधार्मिक है। यहाँ सभी धर्मों को संविधान में बराबरी का दर्जा दिया हुआ है। अतः पूर्वाग्रही टिप्पणी आवश्य नहीं है।

(ग) आपकी कक्षा के बच्चे एक लड़की के साथ मिलकर खाना खाने से इंकार कर देते है क्योंकि वे सोचते है कि वह गंदी है।

उत्तर :— केवल किसी के सोच लेने से कोई गंदा नहीं हो जाता, सहपाठियों को समझाऊँगा कि उन्हें किसी से किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करना चाहिए। यदि वह



Scanned with CamScanner

लड़की वास्तव में गन्दी होती तो उसे समझाऊँगा कि आगे से वह साफ-सुथरा होकर विद्यालय आए।

(घ) किसी समुदाय के खास उच्चारण का मजाक उड़ाते हुए कोई आपको चुटकुला सुनाता हो।

उत्तर:— मैं चुटकुला सुनाने वाले को समझाऊँगा कि ऐसी प्रवृति देश में एकता स्थापित रखने में कठिनाई हो सकती है। अतः भविष्य में ऐसा नहीं करने के लिए मैं उससे कहूँगा।

(ङ.) लड़के - लड़कियों पर टिप्पणी कर रहे हैं कि लड़कियाँ उनकी तरह नहीं खेल सकतीं।

उत्तर:— मैं लड़कों को समझाऊँगा कि तुम्हारी यह धारणा गलत है। देश में हर खेल में लड़कियां लड़कों की बराबरी कर रही है।



Scanned with CamScanner

(5) वस्तुनिष्ठ प्रश्न :-

1. डा० भीम राव अंबेडकर का जन्म कब हुआ?
(क.) 1896 (ख.) 1891 (ग.) 1956 (घ.) 1947
उत्तर :- 1891

2. भारत कब आजाद हुआ?
(क.) 1947 (ख) 1950 (ग) 1951 (घ) 1902
उत्तर :- 1947

3. किस प्रांत में महार समुदाय को अछूत माना जाता था?
(क.) बड़ौदा (ख) बंबई (ग) कन्नौज (घ) बंगाल
उत्तर :- बंबई

4. डा० भीम राव अंबेडकर का मृत्यु कब हुआ?
(क) 1956 (ख) 1949 (ग) 1958 (घ) 1926
उत्तर :- 1956

5. भारतीय संविधान के पिता किन्हे कहा जाता है?
(क) डा० राजेन्द्र प्रसाद (ख) डा० भीम राव अंबेडकर
(ख) सी० राजगोपालाचारी (घ) जवाहर लाल नेहरू
उत्तर :- डा० भीम राव अंबेडकर

6. भारत एक कैसा देश है?
(क) धर्मनिरपेक्ष (ख) समाजवादी (ग) निरंकुशवादी
(घ) साम्यवादी (सामंतवादी)
उत्तर :- धर्मनिरपेक्ष

7. संसार में कितने मुख्य धर्म है?
(क.) छः (ख) सात (ग) आठ (घ) दस
उत्तर :- आठ



Scanned with CamScanner

(6) खाली स्थानों को भरें :—

I. समाज में लड़के और लड़कियों में कई तरह से -------- किया जाता है।

II. शहरों में रहना बहुत ------- पड़ता है।

III. डा० अंबेडकर ने ------- समुदाय के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी थी।

IV. ------- थाली छुआछूत को अपराध की तरह देखा जाता है।

V. भारत एक ------- देश है।

उत्तर :— I. भेदभाव II. महँगा III. दलित IV. अस्पृश्यता V. धर्म निरपेक्ष



Scanned with CamScanner

अध्याय – 3

(1) प्रश्न :- आप "सरकार" शब्द से क्या समझते है? एक सूची बनाइए कि किस तरह से सरकार जनता के जीवन को प्रभावित करती है।

उत्तर :- राज्य की इच्छाओं की पूर्ति के लिए जो संगठन बनाया जाता है, उसे सरकार कहते है।

सरकार के तीन अंग होते है:-

I. विधायिका II. कार्यपालिका III. न्यायपालिका

सरकार इन्हीं तीनों अंगो द्वारा अपना कार्य करती है और जनता की अधिकाधिक सेवा करने का प्रयास करती है।

सरकार के कार्यो की सूची जिससे जनता का जीवन निम्न प्रकार से प्रभावित होता है:-

I. कानून बनाना II. लोगों को कानून मानने के लिए बाध्य करना III. कानून नहीं मानने वालों को न्यायपालिका से दंड दिलवाना IV. राज्य में बिजली का प्रबंध और विस्तार करना V. शिक्षा की समुचित व्यवस्था करना VI. सबको रोजगार मुहैया कराना VII. कृषि उपज बढ़ाने के लिए सिंचाई का प्रबंध करना VIII. बाढ़ और सुखाड़ के समय सहायता कार्य करना IX. अन्य राज्यों से मिलने वाली सहायता राशि को पीड़ितों तक पहुँचाना X. अनाज का प्रबंध करना।



Scanned with CamScanner

(2) प्रश्न :- सरकार को कानून के रूप में सबके लिए नियम बनाने की क्या जरूरत है?

उत्तर :- कोई सरकार संविधान सम्मत नियमों के अनुसार ही अपना काम करती है। इसके लिए संविधान-सम्मत कानून बनाना और उसे लागू कराना इसकी जिम्मेदारी हो जाती है ये कानून या नियम सबके लिए बराबर होते हैं, कानून की नजर मे सभी समान है। यदि कोई कितना भी शक्तिशाली हो पकड़े जाने पर कानून अपनी कारवाई करता है और दोषी सिद्ध होने पर दंड दिलवाता है।

(3) प्रश्न :- लोकतांत्रिक सरकार के आवश्यक लक्षण क्या हैं?

उत्तर :- लोकतांत्रिक सरकार के आवश्यक लक्षण है कि राज्य या देश की सम्प्रभुता जनता के हाथ मे है। जनता एक निश्चित अवधि के बाद अपने प्रतिनिधियों को चुनकर संसद या विधानमंडलों मे भेजती है। संसद या विधान मंडल नियमित समयानुसार बैठके करते है और जनता की आवश्यकताओं पर चर्चा करते है।

(4) प्रश्न :- महिला मताधिकार आन्दोलन क्या है? उसकी उपलब्धि क्या थी?

उत्तर :- पहले महिलाओं को वोट देने का अधिकार नहीं था। इसके लिए अमेरिका तथा इंग्लैंड में महिलाओं को आंदोलन करना पड़ा। वोट देने के अधिकार के लिए महिलाओं ने आंदोलन किया। आंदोलन में भाग लेने वाली अनेक महिलाएं जेल गईं और भूख हड़ताल पर बैठी एवं अनेक मारी गईं। अन्ततः सरकार को झुकना पड़ा। इस प्रकार पूरे विश्व में महिलाओं को वोट देने के अधिकार का विचार फैला। 1902 में आस्ट्रेलिया, 1920 में अमेरिका, 1928 में इंग्लैंड और उसके बाद फ्रांस, भारत, इटली, जापान आदि देशों में महिलाओं को वोट का अधिकार मिला। प्राप्त हुआ।

इसका परिणाम हुआ कि विश्व के अधिकांश देशों में महिलाएं मताधिकार का उपयोग करती हैं।

(5) प्रश्न :- गाँधी जी का दृढ़ विश्वास था कि भारत में हर एक व्यस्क को वोट देने का अधिकार मिलना चाहिए। लेकिन बहुत सारे लोग उनके विचार से सहमत नहीं हैं। बहुत लोगों को



Scanned with CamScanner

लगता है कि अशिक्षित लोगों को, जो ज्यादातर गरीब है, वोट देने का अधिकार नही मिलना चाहिए। आपका क्या विचार है? क्या आपको लगता है कि यह भेदभाव का एक रूप होगा?

उत्तर:- गाँधीजी का दृढ़ विश्वास था कि भारत में हर एक व्यस्क को वोट देने का अधिकार मिलना चाहिए। लेकिन बहुत सारे लोगों उनके विचार से सहमत नही है क्योंकि कुछ लोग/कई लोग चाहते थे कि वोट देने का अधिकार उन्ही लोगों को होगा जो पढ़े-लिखे या शिक्षित हो। और जिनके पास अच्छी संपति हो। बहुत लोगों का लगता है कि अशिक्षित लोगों को जो ज्यादातर गरीब हो वोट देने का अधिकार नही मिलना चाहिए। इस पर लोगों पर हमारा विचार है कि औरतो गरीबो और अशिक्षित लोगों को वोट देने का अधिकार मिलना चाहिए। मेरे विचार से लगता है कि शिक्षा अभाव, धन संपति, नीच जाति का होना आदि भेदभाव का एक रूप होगा।

प्रश्न:- लोकतांत्रिक सरकार क्या है?

उत्तर:- जिस सरकार के प्रतिनिधियों को जनता बालिग, व्यस्क मताधिकार के तहत चुनती है, उन प्रतिनिधियों से बनने वाली सरकार को लोकतांत्रिक सरकार कहते हैं। 'लोक' का अर्थ है - जनता अर्थात प्रजा



Scanned with CamScanner

(6) वस्तुनिष्ठ प्रश्न :-

1. देश में सर्वोच्च न्यायालय कहाँ स्थित है?
(क) दिल्ली (ख) नोएडा (ग) सोनीपत (घ) कोलकत्ता
उत्तर :- दिल्ली

2. आन्ध्रप्रदेश राज्य से तेलंगाना राज्य का निर्माण कब हुआ?
(क) 4 जून 2014 (ख) 5 जून 2014
(ग) 2 जून 2014 (घ) 1 जून 2014
उत्तर :- 2 जून 2014

3. सरकार के कितने अंग हैं?
(क) तीन (ख) दो (ग) चार (घ) पाँच
उत्तर :- तीन

4. गाड़ी चलाने वालों के पास हमेशा क्या होना चाहिए।
(क) लाइसेंस (ख) आधार कार्ड (ग) गाड़ी का कागजात
(घ) इनमें से सभी।
उत्तर :- इनमें से सभी

5. यंग इंडिया पत्रिका का विमोचन किसने किया?
(क) महात्मा गाँधी (ख) जवाहर लाल नेहरु
(ग) सरदार पटेल (घ) राजेन्द्र प्रसाद
उत्तर :- महात्मा गाँधी

6. भारतीय संविधान कब लागू हुआ?
(क) 1951 (ख) 1950 (ग) 1947 (घ) 1949
उत्तर :- 1950

7. सबसे पहले किस देश में महिलाओं को वोट देने का अधिकार मिला?



Scanned with CamScanner

(क) आस्ट्रेलिया (1902) (ख) अमेरिका (1920)
(ग) इंगलैंड (1928) (घ) इनमें से कोई नहीं।
उत्तर :- आस्ट्रेलिया (1902)
8. भारत में रेलवे का परिचालन कब हुआ?
(क) 1853 (ख) 1852 (ग) 1854 (घ) 1851
उत्तर :- 1853
9. मतदान के समय मतदाता की उंगली पर क्या से निशान लगाया जाता है?
(क) स्याही (ख) रंग (ग) चाकु (घ) कलम
उत्तर :- स्याही
10. देश में केन्द्रशासित प्रदेशों की संख्या कितनी है?
(क) 7 (ख) 8 (ग) 9 (घ) 4
उत्तर :- 9

(ग) खाली स्थानों को भरें :-

I. सरकार राजा का ----- रूप है।
II. राज्य अपना कार्य ------ के माध्यम से करता है।
III. सरकार के ------- अंग है।
IV. कानून ---------- बनाती है।
V. राजतंत्र में शक्ति ----- के हाथ में होती है।
VI. भारत एक ------- है।

उत्तर :- I. मूर्त II. सरकार III. तीन IV. व्यवस्थापिका V. राजा VI. लोकतंत्र



Scanned with CamScanner

VI-HIS

वर्ग-6 विषय - इतिहास

# अध्याय - 1

प्रश्न इतिहास क्या है?

उत्तर इतिहास मानव जीवन की कहानी है। शुरू से आज तक पृथ्वी पर निवास करने वाले मनुष्यों ने जितनी प्रगति की है, उसकी जानकारी हमें इतिहास से ही मिलती है। पर मानव जीवन की कहानी का वही भाग इतिहास कहलाता है

प्रश्न इतिहास किसे कहते हैं?

उत्तर:- अतीत के अध्ययन को इतिहास कहते हैं।

प्रश्न इतिहास के जनक कौन हैं?

उत्तर इतिहास के जनक हेरोडोटस हैं।

प्रश्न प्राक इतिहास किसे कहते हैं?

उत्तर जिस अवधि का कोई लिखित विवरण नहीं मिलता है उसे प्राक इतिहास कहते हैं।

प्रश्न पुरातत्व किसे कहते हैं?

उत्तर खुदाई से प्राप्त वस्तुओं को हम ~~पुरातत्व~~ पुरातत्व कहते हैं जैसे औजार और हथियार, मिट्टी के बरतन, स्मारक, अवशेष

प्रश्न पुरातत्वविद् किसे कहते हैं?

उत्तर:- पुरातत्व सामग्री का अध्ययन करके उपयोगी जानकारी देनेवाले विद्वानों को पुरातत्वविद् कहते हैं।

प्रश्न पाण्डुलिपि क्या है?

उत्तर:- पाण्डुलिपि वह पुस्तक है जो हाथ से लिखी जाती थी प्राचीन समय में ताड़पत्रों और भोज पत्र पर लिखी जाती थी।

Scanned with CamScanner

प्रश्न अभिलेख किसे कहते है ?

उत्तर :- पत्थरो पर लिखे हुए लेख को अभिलेख कहा जाता है प्राचीन समय में शासक अपने आदेशो को पत्थरो पर लिखवाते थे।

प्रश्न तिथियों की गणना कैसे करते हैं ?

उत्तर तिथियों की गणना ईसा मसीह के जन्म से की जाती है ईसा मसीह के जन्म के बाद को ई॰ कहते है तो जन्म से पहले ई॰ पूर्व कहते हैं।

(1) निम्नलिखित का सुमेल करे :-

उत्तर

| | |
|---|---|
| नर्मदा घाटी | पहला बड़ा राज्य |
| मगध | आखेट तथा संग्रहण |
| गारो पहाड़ियाँ | लगभग 2500 वर्ष पूर्व के नगर |
| सिंधु तथा इसकी सहायक नदियाँ | आरंभिक कृषि |
| गंगा घाटी | प्रथम नगर |

(2) पाण्डुलिपियों तथा अभिलेखो में एक प्रमुख अंतर बताओ

उत्तर :- पाण्डुलिपि ताड़ पत्तो तथा भोज पत्तो पर लिखी जाती थी जबकि अभिलेख पत्थर तथा कठोर धातु पर लिखी जाती थी।

Scanned with CamScanner

# अध्याय - 2.

(1) इन वाक्यों को पूरा करो।

(क) आखेटक - खाद्य संग्राहक गुफाओं में इसलिए रहते थे क्योंकि यहाँ उन्हें बारिश, धूप और हवाओं से राहत मिलती थी।

(ख) घास वाले मैदानों का विकास लगभग 12,000 साल पहले हुआ।

(ग) आरंभिक लोगों ने गुफाओं की दीवारों पर चित्र बनाए

(घ) हुँसगी में अधिकांश औजार चूना-पत्थरों से बनाए जाते थे

(3.) आखेटक - खाद्य संग्राहक एक स्थान से दूसरे स्थान पर क्यों घूमते रहते थे? उनकी यात्रा और आज की हमारी यात्रा के कारणों में क्या समानताएँ या क्या भिन्नताएँ हैं?

उत्तर:- निम्न लिखित कारणों से आखेटक - खाद्य संग्राहक एक स्थान से दूसरे स्थान पर घूमते रहते थे

(1) भोजन की तलाश में

(2) शिकार के लिए

(3) मौसम के अनुसार

(4) जल की खोज में

Scanned with CamScanner

उनकी यात्रा भोजन की तलाश में होती थी हमारी यात्रा काम की तलाश में होती है। या नाते-रिश्तेदारो से मिलने के लिए होती है।

(4) आज फल काटने के लिए कौन-से औजार चुनोगे? वह औजार किस चीज से बना होगा?

उत्तर आज फल काटने के लिए हम चाकू चुनेंगें। वह औजार इस्पात से बना होगा।

(5) आखेटक - खाद्य संग्राहक आग का उपयोग किन-किन चीजो के लिए करते थे?

उत्तर!- आखेटक खाद्य संग्राहक आग का उपयोग निम्नलिखित चीजों के लिए करते थे

(1) प्रकाश के लिए

(2) मांस भूनने के लिए

(3) खतरनाक जानवरो को दूर भगाने के लिए

Scanned with CamScanner

# अध्याय 3

(1) खेति करने वाले लोग एक ही स्थान पर लंबे समय तक क्यो रहते थे ?

उत्तर:- खेती करने वाले लोग एक ही स्थान पर लंबे समय तक रहने लगे क्योंकि पौधो को विकसित होने में कुछ वक्त लगता था पौधो को उनकी देख भाल सिचाई, खरपतवार हटाने, जानवरो और चिड़ियों से उनकी सुरक्षा करने, फसलों के पकने तक, बहुत से काम शामिल थे।

2. पृष्ठ 25 की तालिका को देखो। नेइनुओ अगर चावल खाना चाहती है, तो उसे किन स्थानो पर जाना चाहिए ?

उत्तर नेइनुओ अगर चावल खाना चाहती है तो उसे कोल्डिहवा और महागढ़ा नामक स्थानो पर जाना चाहिए आज उन स्थानों का नाम आधुनिक उत्तर प्रदेश है।

3. पुरातत्वविद् ऐसा क्यों मानते हैं कि मेहरगढ़ के लोग पहले केवल शिकारी थे, और बाद में उनके पशुपालन ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया ?

उत्तर पुरातत्वविद् को मेहरगढ़ की खुदाई में विभिन्न प्रकार के जानवरों की हड्डियाँ मिलीं।

Scanned with CamScanner

जिससे वे मानते थे कि मेहरगढ़ के लोग पहले शिकारी थे और बाद में पशुपालन उनके लिए महत्वपूर्ण हो गया।

(4) सही या गलत बताओ

(क) हमजूर में ज्वार-बाजरा मिला है। ✓

(ख) बुर्ज़होम में लोग आयताकार घरों में रहते थे। X

(ग) चिरांद ~~में~~ ~~कश्मीर~~ कश्मीर का एक पुरास्थल है। X

(घ) जेडाइट, जो दाओजाली हेतिंग में मिला है चीन से लाया गया होगा। ✓

(5) कृषकों-पशुपालकों का जीवन आखेटक खाद्य संग्राहकों के जीवन से कितना भिन्न था तीन अंतर बताओ?

उत्तर कृषकों-पशुपालकों का जीवन आखेटक खाद्य संग्राहक के जीवन से निम्नलिखित प्रकार से भिन्न था

(1.) कृषकों-पशुपालकों का जीवन स्थायी था जबकि आखेटक खाद्यसंग्राहक का जीवन खानाबदोश था

(2.) वे जानवरों को पालते थे तो खाद्य संग्राहक उनका शिकार करते थे

(3.) इनका मुख्य कार्य कृषि और पशुपालन था तो उनका मुख्य कार्य शिकार करना

Scanned with CamScanner

(6.) पृष्ठ-25 की तालिका में दिए गए जानवरों की एक सूची बनाओ और यह भी बताओ कि इनका उपयोग किस रूप में किया जाता था ?

उत्तर जानवरों की सूची

भेड़, बकरी, कुत्ता, भैंस, बैल सूअर, इन जानवरों का उपयोग पहले शिकार करने के लिए होता था लोग शिकार कर इसका माँस खाते थे बाद में इसे पालने लगे इसे दूध प्राप्त होने लगा।

प्रश्न - सबसे पहले किस जानवर को पालतू बनाया गया

उत्तर- सबसे पहले कुत्ता को पालतू बनाया गया क्योंकि वे शिकार करने में मदद करते थे।

Scanned with CamScanner

# अध्याय 4

## भारत की प्राचीनतम सभ्यता : →

लोगो की यह धारणा थी कि वैदिक सभ्यता ही भारत की प्राचनीतम सभ्यता है लेकिन जब लगभग 150 साल पहले पंजाब में रेलवे लाइन बिछाई जा रही थी तो उसी में खुदाई के दौरान सबसे पुराने शहरों में से एक नगर की खोज सबसे पहले हुई थी जिसका नाम 'हड़प्पा' था

**खुदाई से प्राप्त वस्तुएँ :** → जब हड़प्पा और मोहन जोदड़ो की खुदाई हुई तो अनेक अनोखी वस्तुएँ मिली जैसे मिट्टी के लाल बर्तन जिनपर काले रंग के चित्र बने थे, पत्थर के बाट, मुहरें मनके, ताम्बे के उपकरण और पत्थर के लम्बे ब्लेड, आदि। इन स्थलों से मूर्तियाँ भी मिली है।

**पुरातत्ववेताओ द्वारा किन-किन- स्थानो की खुदाई :** → पुरातत्ववेताओ द्वारा हड़प्पा मोहन जोदड़ो, कालीबंगा, लोथल धोलावीरा, चन्हूदड़ो और रंगपुर स्थानो की खुदाई कराई गई

Page No - 42.

Q No 1 पुरातत्वविदों को कैसे ज्ञात हुआ कि हड़प्पा के दौरान कपड़े का उपयोग होता था?

उत्तर मोहनजोदड़ो की जब खुदाई हुई तो उसमें पत्थर से बनी मूर्ति मिली वह मूर्ति कढ़ाईदार वस्त्र पहने है, कपड़े के टुकड़ों के अवशेष चाँदी के एक फूलदान के ढक्कन तथा कुछ अन्य ताँबे की वस्तुओं से चिपके मिले, पकी मिट्टी तथा फ़ेयन्स से बनी तकलियों से पुरातत्वविदों को ज्ञात हुआ कि हड़प्पा के दौरान कपड़े का उपयोग होता था।

2. निम्नलिखित का सुमेल करो

उत्तर

| क | ख |
|---|---|
| ताँबा → | राजस्थान |
| सोना → | कर्नाटक |
| टिन → | अफगानिस्तान |
| बहुमूल्य पत्थर → | गुजरात |

5. हड़प्पा के लोगो के लिए धातुएँ, लेखन पहिया और हल क्यों महत्वपूर्ण थे ?

उत्तर:- हड़प्पा की सभ्यता काफी ~~विकसित~~ उन्नत थी जिससे धातुएँ, लेखन पहिया और हल महत्वपूर्ण थे-

(1) धातुएँ :→ हड़प्पा सभ्यता का व्यापार काफी उन्नत था क्योंकि सिन्धु घाटी सभ्यता की वस्तुएँ मेसोपोटामिया से मिलती जुलती है इससे साबित होता है कि दोनों सभ्यताओं की व्यापारिक संबंध थे वस्तुओ को तौलने के लिए बाट का प्रयोग किया जाता था तौल की ईकाई 16 थी। इसका उपयोग भारत में हाल में भी होता था सिंधु घाटी सभ्यता के निवासी आभूषण प्रिय थे इन्ही कारणो से हड़प्पा के लोगो के लिए धातु महत्वपूर्ण था

2. लेखन :→ सिन्धु घाटी के लोग लेखन कला भी जानते थे नगरो में लिपिक होते थे जो मुहरों पर तो लिखते ही थे अन्य चीजों पर लिखते होंगे

3. पहिया :→ सिन्धु घाटी के लोग बैलगाड़ी का प्रयोग करते थे इसलिए पहिया महत्वपूर्ण था

Scanned with CamScanner

(4) हल :→ खुदाई में बच्चों का खिलौना हल मिला है और वहाँ के लोग खेती करते थे जिसके कारण उन लोगों के लिए हल महत्वपूर्ण था।

प्रश्न सिंधु घाटी सभ्यता का अंत कैसे हुआ?

उत्तर :- सिन्धु घाटी सभ्यता का अंत लगभग 1500 ई० पूर्व हो गया। इस सभ्यता का अंत कैसे हुआ यह निश्चित रूप से पता नही चलता विद्वानों का अनुमान है कि सिंधु नदी में बाढ़ आ जाने या अकाल पड़ जाने के, भूकंप होने या विदेशी आक्रमण होने के कारण इस सभ्यता का अंत हो गया।

प्रश्न हड़प्पा संस्कृति को सिन्धु घाटी की सभ्यता भी कहते हैं क्यों

उत्तर हड़प्पा संस्कृति का मुख्य क्षेत्र सिन्धु नदी घाटी है इसी नदी घाटी में ही इन सभ्यता का विकास हुआ है इसलिए इस सभ्यता को सिंधु घाटी सभ्यता भी कहते है।

Scanned with CamScanner

# अध्याय - 5

(1) निम्नलिखित को सुमेल करो

उत्तर
- सूक्त → अच्छी तरह से बोला गया
- रथ → युद्ध में प्रयोग किया जाता था
- यज्ञ → अनुष्ठान
- दास → गुलाम
- महापाषाण → सजाए गए पत्थर

2. वाक्यों को पूरा करो

उत्तर (क) मालिक

(ख) दक्कन, दक्षिण भारत, उत्तर पूर्वी भारत और कश्मीर

(ग) खामोश प्रहरी

(घ) दफनाने

(ङ) जानवरों को

Scanned with CamScanner

आर्य :→ आर्य मध्य एशिया से भारत आये और सबसे पहले पंजाब में बसे। इसके बाद धीरे-धीरे वे दक्षिण-पूर्व की ओर दिल्ली के उत्तरी प्रदेश में पहुँचे। इसके बाद वे सरस्वती नदी के तट पर वेद मंत्रों की रचना की

वेद :→ आर्यों ने चार वेदों की रचना की
(1) ऋग्वेद (2) यजुर्वेद (3) सामवेद
(4) अथर्ववेद

3. आज हम जो किताबें पढ़ते हैं वे ऋग्वेद से कैसे भिन्न हैं?

उत्तर आज हम जो किताबें पढ़ते हैं वे ऋग्वेद से भिन्न हैं। ऋग्वेद की भाषा प्राक् संस्कृत या वैदिक संस्कृत कहलाती है आज की भाषा से वह भिन्न है। हम जिन किताबों को पढ़ते हैं, वे लिखी और छापी गई हैं ऋग्वेद का उच्चारण किया जाता था और श्रवण किया जाता था पढ़ा नहीं जाता था।

Scanned with CamScanner

(4) पुरातत्वविद् कब्रों में दफनाए गए लोगो के बीच सामाजिक अंतर का पता कैसे लगाते हैं ?

उत्तर जब कब्रों की खुदाई हुई तब एक कब्र की तुलना में दूसरी कब्र में ज्यादा चीजे मिली इन्ही चीजों के आधार पर पुरातत्वविद् को समाजिक अंतर का पता चलता है।

5 एक राजा का जीवन दास या दासी के जीवन से कैसे भिन्न होता था ?

उत्तर !→ वैदिक युग में राजा का स्थान समाज में सबसे ऊँच था वह शासन का प्रधान होता था वह युद्ध कार्य में भी कुशल होता था उसका जीवन ऊँच था वह धार्मिक अनुष्ठान भी करता था उसके रहने के लिए सुन्दर भवन पहने के लिए अच्छे वस्त्र प्राप्त थे।

लेकिन दास-दासी का जीवन अत्यन्त कष्टमय था उन्हे भोजन भी प्राप्त नहीं था वे राजा के वस्तु समझे जाते थे उनका कार्य राजा की सेवा करना ही था।

Scanned with CamScanner

प्रश्न:- आर्यों का समाज कितने वर्गों में बटा था और उनका कार्य क्या था?

उत्तर:- आर्यों का समाज मुख्यत: चार वर्गों में बटा था

(1) ब्राह्मण: → ब्राह्मण का का कार्य यज्ञ करना, यज्ञ करना, दान लेना दान देना तथा बच्चों को वेद मंत्रों की शिक्षा प्रदान करना था।

(2.) क्षत्रिय: → क्षत्रिय का कार्य देश की रक्षा करना एवं देश में रहने वाली सभी निवासीयों की सुरक्षा करना था।

(3.) वैश्य: → वैश्य का कार्य व्यापार करना था इसके अन्तर्गत शिल्पकार, किसान और व्यापारी आते थे।

(4) शूद्र: → शूद्र का कार्य तीनो वर्गों की सेवा करना था।

Scanned with CamScanner

# अध्याय 6

1 प्रश्न सही या गलत बताओ

उत्तर (क) सही (✓)


(ख) गलत (X)

(ग) सही (✓)

(घ) गलत (X)

(ङ) सही (✓)

प्रश्न 2. नीचे दिए गए खानों में निम्नलिखित शब्दो भरो




प्रश्न 3 समाज के वे कौन समूह थे, जो गणों की सभाओं में हिस्सा नहीं ले सकते थे?

उत्तर स्त्रियाँ, दास तथा कम्मकार समाज के वे समूह थे जो गणों की सभाओं में हिस्सा नहीं ले सकते थे।

Scanned with CamScanner

प्रश्न1 महाजनपद के राजाओं ने किले क्यों बनवाए ?

उत्तर:— महाजनपदों के राजाओं ने अन्य राजाओं के आक्रमण से डरकर अपनी सुरक्षा के लिए किलों का निर्माण कराये

2. आज के शासकों के चुनाव की प्रक्रिया जनपदों के चुनाव से किस तरह भिन्न थी

उत्तर आज के शासकों का चुनाव मत के आर द्वारा होता है जबकि जनपद के शासकों का चुनाव वीरता के आधार पर किया जाता था।

प्रश्न3. लगभग दो सौ सालो के भीतर मगध सबसे महत्वपूर्ण जनपद बन गया कैसे ?

उत्तर:→ निम्नलिखित कारणों से लगभग दो सौ सालों के भीतर मगध सबसे महत्वपूर्ण जनपद बन गया :—

(1) यातायात के साधन :→ गंगा और

सोन नदियाँ मगध से होकर गुजरती थी जिससे एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने में सुगमता होती थी

2. भूमी का उपजाऊ होना :→ गंगा और सोन नदी इन क्षेत्रों में बहती थी जिससे मगध का क्षेत्र उपजाऊ था जिस कारण इन क्षेत्रों काफी लोग निवास करते थे और अनेक फसल उगाते थे।

3. जंगलों की प्रचुरता :→ मगध क्षेत्र विशाल जंगल था जिसके कारण लकड़ी और हाथी अधिक मात्रा में मिल जाते थे जिसका उपयोग सेना में किया जाता था।

(4) लौह अयस्क की प्रचुरता :→ इन क्षेत्रों में लोहा की खाने थे जिससे लोहा प्राप्त होता था और उससे मजबूत औजार और हथियार बनने लगे थे जो युद्ध में विजयी दिलाते थे

उपर्युक्त बातों को पढ़ने से पता चलता है कि यातायात के साधन, भूमी का उपजाऊ होना, जंगलों की प्रचुरता और लौह अयस्क की अधिकता के कारण मगध सबसे महत्वपूर्ण जनपद बन गया था।

Scanned with CamScanner

प्रश्न बिम्बिसार के समय मगध की राजधानी कहाँ थी ?

उत्तर बिम्बिसार के समय मगध की राजधानी राजगृह थी

प्रश्न किस शासक के समय मगध की राजधानी राजगृह से पाटलिपुत्र हुई ?

उत्तर मगध का उदयिन शासक के समय मगध की राजधानी राजगृह से पाटलिपुत्र हुई।

प्रश्न मगध में दो बहुत शक्तिशाली शासक कौन थे ?

उत्तर:- मगध में दो बहुत शक्तिशाली शासक बिम्बिसार और अजातशत्रु थे।

प्रश्न अजात शत्रु कौन था ?

उत्तर:- अजातशत्रु बिम्बिसार का पुत्र था।

Scanned with CamScanner